निगम स्वामित्व की दुकाने एवं मुख्यमंत्री... पृष्ठ 2 | छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा... पृष्ठ 3

# नांदगांव टाइम्स




नोट :- मकान, फ्लैट, दुकान, गोदाम किराये पर लेने एवं देने की विशेष व्यवस्था साथ ही जमीन प्लाट हेतु डायवर्सन के दस्तावेज व ऋण पुस्तिका बनवाने के कार्य की सुविधा।

।। जय श्री जलाराम ।।

श्री जलाराम प्रॉपर्टी डीलर


उचित दर पर मकान, फ्लैट, डुप्लेक्स, दुकान, ऑफिस, गोदाम, जमीन, प्लाट की खरीदी-बिक्री हेतु संपर्क करें।

ऑफिस- बागड़ी ब्रदर्स के बाजू में, रामाधीन मार्ग, राजनांदगांव।

मो: 98274-61508, 83192-88559


मंगलवार, 30 अप्रैल 2024, राजनांदगांव | आरएनआई 30910/76 | वर्ष 48, अंक 197, पृष्ठ 04, मूल्य 2 रुपए

## ये चुनाव लोकतंत्र, संविधान और आरक्षण को बचाने का है : राहुल गांधी



बिलासपुर। तीसरे चरण के मतदान के पहले राष्ट्रीय नेताओं का प्रदेश में चुनाव प्रचार जोरों पर है. इस कड़ी में आज कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने बिलासपुर में आमसभा को संबोधित किया. उन्होंने कहा कि ये चुनाव लोकतंत्र, संविधान और आरक्षण को बचाने का चुनाव है. उन्होंने भाजपा पर हमला बोलते हुए कहा कि बीजेपी सरकार पब्लिक सेक्टर यूनिट को प्राइवेट बना रही है. पब्लिक सेक्टर में दलित, आदिवासी, पिछड़ों को जगह नहीं मिलती. इनकी विचारधारा गांधी, नेहरू, आंबेडकर की नहीं है, इनकी विचारधारा उद्योगपति जैसे लोगों को जल, जंगल, जमीन देने की है. उन्होंने कहा कि ये चुनाव संविधान बचाने का चुनाव है. बीजेपी, आरएसएस के लोग संविधान को खत्म करना चाहते हैं. कांग्रेस संविधान को बचाने का काम कर रही है. आपका हक संविधान से निकला. आपका जल, जंगल, जमीन जीने का तरीका सब गायब हो जाएंगे. भाजपा कह रही है कि रिजर्वेशन खत्म कर देगी.

**लोकतंत्र का बचाने का चुनाव**

ये चुनाव लोकतंत्र को बचाने का है. गरीबों के हक को बचाने का है. पहले नरेंद्र मोदी बोलते थे 400 पार अब 150 पार नहीं बोल रहे. अब वो कह रहे, हम संविधान के खिलाफ गरीबों के अधिकार के खिलाफ नहीं है. दुनिया मे कोई शक्ति पैदा नहीं हुई, जो संविधान को फाड़कर फेंक सके, बीजेपी के लोग तो दूर की बात है. अगर 24 साल तक हर किसान का कर्जा माफकरो तो 16 लाख करोड़ होता है. देश 22 लोगों के पास इतना धन है, जितना देश के 70 प्रतिशत लोगों के पास धन है.

**देश में 45 साल में सबसे ज्यादा बेरोजगारी**

पुरुष 8 घंटे काम करते हैं, लेकिन महिलाएं बाहर, फिर घर में कुल मिलाकर 16 घंटे काम करती हैं. देश के गरीब परिवारों की लिस्ट बनेगी, इस लिस्ट में शामिल महिला के बैंक अकाउंट में साल के 1 लाख रुपए दिया जाएगा. पीएम मोदी ने युवाओं को बहुत परेशान किया, देश में 45 साल में सबसे ज्यादा बेरोजगारी है. पेपर लीक होता है, अप्रेंटिसशिप नहीं मिलती. हम युवाओं को अप्रेंटिसशिप देने जा रहे है, यानी आपकी पहली नौकरी पक्की. कांग्रेस नेता गांधी ने कार्यकर्ताओं में जोश भरते हुए उन्हें बब्बर शेर कहा.

**पीएम मोदी ने बेरोजगारी की दीवार बनाई**

राहुल गांधी ने कहा कि नरेंद्र मोदी ने बेरोजगारी की दीवार बनाई है उसे हम तोड़ने जा रहे हैं. करोड़ों युवाओं को रोजगार मिलेगा. जितना पैसा मोदी ने पूंजीपतियों को दिया उतना ही पैसा हम आपको देने जा रहे हैं. उन्होंने किसानों से कहा कि सरकार बनते ही किसानों का कर्जा माफ किया जाएगा. इसके अलावा एमएसपी देने की बात भी कही. उन्होंने कहा कि मार्केट में आप जो भी खरीदते हैं उसका सही दाम मिलता है लेकिन किसानों को उनका सही दाम नहीं मिलता है. एमएसपी के जरिए उन्हें उनका हक दिया जाएगा. राहुल गांधी ने मनरेगा मजदूरों को लेकर कहा कि मनरेगा में आज की तारीख में 250 रुपया मिलता है सरकार बनते ही उसे 400 रुपए किया जाएगा.

**बीजेपी के घोषणा पत्र पर हमला बोला**

राहुल गांधी ने बीजेपी के घोषणा पत्र पर भी जमकर हमला बोला. उन्होंने कहा कि बीजेपी का घोषणा पत्र देखिए लोगों को चांद पर पहुंचाने की बात करते हैं. लेकिन कोविड आता है तो थाली बजाने, मोबाइल का टार्च जलाने को बात करते हैं. उन्होंने बिलासपुर से कांग्रेस प्रत्याशी देवेंद्र यादव जिताकर संसद भेजने की अपील की.



**मंच पर ये रहे मौजूद**- मंच पर राहुल गांधी के साथ पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, छत्तीसगढ़ प्रभारी सचिन पायलट, डॉ. चरणदास महंत, पीसीसी चीफ दीपक बैज, बिलासपुर लोकसभा प्रत्याशी देवेंद्र यादव, चंदन यादव, जयसिंह अग्रवाल समेत अन्य दिग्गज नेता मौजूद थे।

## सीएम विष्णुदेव साय ने कांग्रेस पर साधा निशाना, कहा- भ्रम फैलाने में व्यस्त है कांग्रेसी, प्रदेश की 11 सीटें जीत रही बीजेपी

**रायपुर।** कांग्रेस एक डूबता हुआ जहाज है, उस पार्टी में अभी बिखराव है. पिछले कुछ समय में हजारों की संख्या में लोगों ने कांग्रेस को छोड़ कर भाजपा में प्रवेश किया है. उन्हे कैंडिडेट भी नहीं मिल पा रहे हैं. उसको अलग-अलग जगह कैंडिडेट बनाकर भेजना पड़ रहा है. मुद्दाविहीन है कांग्रेस और निश्चित ही इसका फायदा भारतीय जनता पार्टी को होगा. जनता का भरपूर आशीर्वाद मिल रहा है. इस बार पूरी ग्यारह की ग्यारह सीट हम जीतने वाले हैं. मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने एक साक्षात्कार में उक्त बातें कही. सीएम साय ने कहा कि कांग्रेस मुद्दाविहीन हो गई है. आजादी के 75 वर्षों में 55-60 साल तक उसकी सरकार रही और उन्होंने देश को छलने का काम किया. इसलिए देश की जनता का विश्वास कांग्रेस पार्टी खो चुकी है और लोगों को भ्रम में डालने का प्रयास कर रही है. कांग्रेस के नेता कुछ भी उल्टी-सीधी बातें कर रहे हैं. यहीं नहीं हमारे शीर्ष नेताओं के बयान को तोड़-मरोड़ कर पेश कर रही है कांग्रेस पार्टी. पीएम मोदी के दो साल में नक्सलवाद



को खत्म करने की बात पर सीएम साय ने कहा कि जब से भारतीय जनता पार्टी की सरकार छत्तीसगढ़ में आई है तब से नक्सलवाद के खिलाफ हम मजबूती से लड़ाई लड़ रहे हैं. डबल इंजन की सरकार है, केंद्र से भी भरपूर सहयोग मिल रहा है. जिससे हम लोग मजबूती के साथ ये लड़ाई लड़ पा रहे हैं. अभी तक एक दिन में 29 नक्सलियों को खत्म करना, जिनमें से दो नक्सली बीस-बीस लाख के इनामी भी थे, ये बहुत बड़ी सफलता है. लेकिन हम लोगों ने आत्मसमर्पण का भी ऑप्शन रखा है और छत्तीसगढ़ सरकार की नक्सलियों के लिए पुनर्वास नीति है. उसमें विश्वास करके सैकड़ों नक्सली आत्मसमर्पण कर रहे हैं और उनके साथ सरकार न्याय भी करेगी. आदिवासियों से संबंधित सवाल पर विष्णुदेव साय ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी हमेशा से आदिवासियों की चिंता करने वाली पार्टी रही है. जब श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जी प्रधानमंत्री थे तब उन्होंने भारत सरकार में पहली बार आदिम जाति कल्याण मंत्रालय का गठन किया. आज आदिवासियों का सम्मान बढ़ाने के लिए देश के सर्वोच्च पद पर हमारे समाज की बहन द्रौपदी मुर्मू विराजमान है. छत्तीसगढ़ में आदिवासी का बेटा मुख्यमंत्री के रूप में है. वास्तव में भारतीय जनता पार्टी आदिवासियों की चिंता करती है. पीएम मोदी के आशीर्वाद से यहां के आदिवासियों के विश्वास पर पूरा खरा उतरने का प्रयास रहेगा।

## गौमाता को सुरक्षित निकाला वैष्णव ने





**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** ग्राम धामनसरा में गौमाता गंदा नाली में गर्मी में चक्कर आने के कारण गिर गया जिसको पता चलने पर योगेन्द्र दास वैष्णव ने भीष्म निषाद भागवत दास वैष्णव विनोद कुमार पटेल लालाराम निषाद ने गौमाता सुरक्षित निकाला।

## भगवान परशुराम शोभा यात्रा की तैयारी को लेकर समाज प्रमुखों की बैठक आयोजित

**रायपुर (नांदगांव टाइम्स)।** भगवान परशुराम प्राकट्य उत्सव एवं सर्व ब्राह्मण शोभा यात्रा के आयोजन को लेकर जगन्नाथ मंदिर गायत्री नगर में समाज प्रमुखों की बैठक आहूत की गई। विधायक पुरन्दर मिश्रा तथा समाज प्रमुखों की उपस्थिति में आयोजित बैठक में 11 मई, शनिवार को सायं 4:00 बजे धरना स्थल, बुढ़ापारा में भगवान परशुराम प्राकट्य उत्सव तथा शोभा यात्रा का भव्य आयोजन का निर्णय लिया गया। उपस्थित समाज प्रमुखो ने आयोजन की सफलता के लिए अपने विचार व्यक्त किये। विधायक पुरन्दर मिश्रा ने शोभायात्रा को भव्य स्वरूप देने के लिए अधिक से अधिक उपस्थिति की अपील की। शोभायात्रा में झांकियों की संख्या बढ़ाने, लोक नृत्य दल के साथ-साथ बग्गी पर सवार परशुराम के भेष में विप्र जन शामिल होंगे । सर्वसम्मति से संरक्षक मंडल तथा संचालन समिति गठन करने का निर्णय लिया गया । बैठक में मुख्य रूप से विधायक पुरन्दर मिश्रा, अरुण शुक्ला, ललित मिश्रा, दिनेश शुक्ला, गुणनिधि मिश्रा, अमृतलाल बिल्थरे, रज्जन अग्निहोत्री, स्वामी राजेश्वरानंद, लव कुश पांडे, उमाकांत मिश्रा, बृजेश सतपथी, मुकेश मिश्रा, लक्ष्मण सतपथी, निवेदिता मिश्रा, राजकुमार शर्मा, अनिल चतुर्वेदी, राजेंद्र दुबे, विशाल पांडे, आरके तिवारी, वैभव शर्मा बाजारी, सुनील पांडे, दुर्गा प्रसाद पांडे, कपिल ओझा, हरिशंकर मिश्रा, वीरमणि चौबे, कृष्ण नारायण तिवारी, लाल जी पांडे, राजेश तिवारी ,वीर अजीत शर्मा, रविंद्र नाथ शास्त्री, एस के पंडा,अ पाणी , रामनिवास शुक्ला, सच्चिदानंद होता, सुधीर चौबे शामिल हुए। संचालक ललित मिश्रा तथा आभार अरुण शुक्ला ने किया।



## 23 माओवादियों ने किया आत्मसमर्पण

**दंतेवाड़ा।** हिंसा का रास्ता छोड़कर समाज की मुख्यधारा में शामिल होने और लोन वर्राटू (घर वापस आइए) अभियान से प्रभावित होकर 23 माओवादियों ने आत्मसमर्पण किया। माओवादियों ने सोमवार को पुलिस अधीक्षक दंतेवाड़ा के समाने आत्मसर्पण किया। आत्मसमर्पण करने वाले नक्सली भैरमगढ़ एरिया कमेटी में सक्रिय थे। ये माओवादी बंद के दौरान रोड खोदना, पेड़ काटना एवं नक्सली बैनर-पोस्टर लगाने की घटनाओं में शामिल थे। इससे पहले पुलिस ने माओवादियों से हिंसा की राह छोड़कर समाज की मुख्यधारा में शामिल होनी की अपील की थी। इसका व्यापक असर माओवादियों पर हुआ और 23 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण करके लोकतंत्र और संविधान में विश्वास जताया.पुलिस अधीक्षक दंतेवाड़ा ने कहा कि आत्मसमर्पित माओवादियों को छत्तीसगढ़ शासन की पुनर्वास योजना के तहत 25-25 हजार रुपए प्रोत्साहन राशि एवं पुनर्वास योजना के तहत मिलने वाले सभी प्रकार के लाभ दिए जाएंगे।



## मृणाल चौबे को मिला सर्व ब्राह्मण समाज रत्न अवार्ड

**रायपुर (नांदगांव टाइम्स)।** राष्ट्रीय सर्व ब्राह्मण समाज का प्रांतीय प्रतिनिधि सम्मेलन, अभिनंदन समारोह, एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम हर्ष व उल्लास के साथ संपन्न हुआ। प्रदेश के उपमुख्यमंत्री एवं गृह मंत्री विजय शर्मा के मुख्य अतिथ्य तथा विधायक पुरंदर मिश्रा व हरिभूमि के प्रधान संपादक डॉ हिमांशु द्विवेदी के विशेष अतिथि में वृंदावन हाल सिविल लाइंस में आयोजित कार्यक्रम मे राजनांदगाँव के अंतर्राष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी एवं एन आई एस कोच मृणाल चौबे को सर्व ब्राह्मण समाज रत्न अवार्ड से शाल, श्रीफल, स्मृति चिन्ह व अभिनंदन पत्र भेंट कर सम्मानित किया गया । मुख्य अतिथि उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने मृणाल के विशिष्ट उपलब्धियों को उल्लेखित करते हुए कहा की खेल और पढ़ाई मे सामंजस्य बनाकर दोनों छेत्रो मे इन्होने उत्कृष्टता हासिल की एवं समाज को गौरवान्वित किया है। सर्व ब्राह्मण समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष ललित



मिश्रा ने सम्मलेन मे खेल के क्षेत्र मे मृणाल की उपलब्धियों की जानकारी देते हुए बताया की इन्होने 10 वर्षो तक भारतीय हॉकी टीम का प्रतिनिधित्व करते हुए सभी अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं मे देश के लिए मैडल जीता है तथा भारतीय टीम की कप्तानी भी की है। विशिष्ट उपलब्धियों के लिए छत्तीसगढ़ शासन ने इन्हे राज्य अलंकरण गुंडाधुर सम्मान, शहीद राजीव पाण्डेय एवं शहीद कौशल यादव पुरुस्कार से सम्मानित किया तथा राज्य का उत्कृष्ट खिलाड़ी घोषित किया है। गौरतलब है की राजपत्रित अधिकारी के रूप मे महालेखाकर (कैग) विभाग मे अपनी सेवाएं प्रदान कर रहे मृणाल हाल ही मे नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ़ स्पोर्ट्स खेल मंत्रालय भारत सरकार से डिप्लोमा इन स्पोर्ट्स मे प्रथम रैंक हासिल की है तथा राष्ट्रीय स्तर पर विभिन्न राज्यों के कोच के रूप मे पदक जीता है। इस अवसर पर सर्व ब्राह्मण समाज के राष्ट्रीय महासचिव शशीकांत तिवारी,उप प्रांतीय अध्यक्ष लेखमणी पाण्डेय, सांस्कृतिक मंच के प्रदेश अध्यक्ष जे.पी.शर्मा , जिलाध्यक्ष मौलेश तिवारी, संगठन सचिव मिनेश मिश्रा, विष्णु नंद चौबे, आदि उपस्थित थे।

## भीषण सड़क हादसे में 6 महिलाओं के साथ 4 मासूमों की मौत

**बेमेतरा-रायपुर।** जिले में आधी रात को भीषण सड़क हादसा हो गया। हादसे में अब तक 6 महिलाओं और 4 बच्चों समेत 10 की मौत हो चुकी है। जबकि 23 लोग घायल हो गए। भाजपा विधायक दीपेश साहू ने जिला अस्पताल जाकर घायलों से मुलाकात की। एक मालवाहक वाहन और मिनी ट्रक की टक्कर से यह दर्दनाक हादसा सामने आया है। जानकारी के अनुसार, हादसा बेमेतरा थाना इलाके के कठिया गांव में पेट्रोल पंप के पास हुआ। बताया जा रहा है कि सड़क के किनारे खड़े मिनी ट्रक में मालवाहक वाहन टकराने से दर्दनाक हादसा हुआ है।

**कठिया गांव के पास हुआ हादसा** - एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि यह दुर्घटना रविवार देर रात कठिया गांव के पास हुई, पीड़ित एक पारिवारिक समारोह में शामिल होने के बाद लौट रहे थे। हादसे का शिकार सभी लोग पथर्रा गांव के निवासी थे, तिरैया गांव में एक पारिवारिक समारोह में शामिल होने के बाद लौट रहे थे। अधिकारी ने बताया कि मालवाहक वाहन सड़क किनारे खड़े मिनी ट्रक से टकरा गया। मृतकों के नाम : भूरी निषाद (50 वर्ष) नीरा साहू (55 वर्ष) गीता साहू (60 वर्ष) अग्निया साहू (60 वर्ष) पति हगरु साहू मधु साहू (5 वर्ष) पिता



### मालवाहक और मिनी ट्रक में हुई आमने-सामने भिड़ंत

दिलीप साहू खुशबू साहू (39 वर्ष) पति दिलीप साहू रिकेश निषाद (6 वर्ष) ट्विंकल निषाद (6 वर्ष) रत्ना साहू (50 वर्ष)

**घायलों के नाम :** कु. निशा यादव (उम्र 12 साल) पिता जफला यादव, 2. मति मालती यादव (38वर्ष) पति विश्राम साहू, 3. डिंपल (13वर्ष) पिता राजेश साहू, 4. कविता (40वर्ष) पति तिजराम साहू, 5. सुकिया बाई (40वर्ष) पति रमेश देवांगन, 6. दुखिया बाई (45 वर्ष) पति रामनाथ यादव, 7. हेमलता साहू (14वर्ष) पिता डुलेस्वर साहू, 8. कु रेणुका साहू (14वर्ष) पिता राजेंद्र साहू, 9. उर्मिला बाई (50वर्ष) पति सुशील साहू, 10. उषा साहू (42वर्ष) पति संजय साहू, 11. प्रेमु साहू (36 वर्ष) पिता भीखम साहू, 12. लोकेश साहू (20 वर्ष), 13. सुनीता साहू (50 वर्ष), 14. पूर्णिमा साहू (8 वर्ष), 15. दीपिका साहू (12 वर्ष), 16. लोकपाल साहू (12 वर्ष), 17. पुन्नी यादव (60 वर्ष), 18. अहिल्या बाई (55 वर्ष), 19. रामेश्वरी साहू (28 वर्ष), 20. सोनबती (60 वर्ष), 21. अज्ञात महिला (55 वर्ष), 22. अज्ञात महिला (50 वर्ष)

**कलेक्टर ने ली जानकारी** - कलेक्टर रणवीर शर्मा ने बताया कि बेमेतरा हादसे में मरने वालों की संख्या बढ़कर नौ हो गई है और 23 घायल हैं जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

**विधायक पहुंचे अस्पताल** - भाजपा विधायक दीपेश साहू ने जिला अस्पताल पहुंचकर घायलों से मुलाकात की। साहू ने कहा कि जिले में हुआ यह एक दुखद सड़क हादसा है। एक कार ने खड़ी गाड़ी को टक्कर मार दी। इस हादसे में नौ लोगों की मौत हो गई है। सभी घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जिनकी हालत गंभीर है, उन्हें रायपुर एम्स में भर्ती कराया गया है। हम मृतकों के परिजनों के साथ हैं। प्रशासन हरसंभव मदद करने की कोशिश कर रहा हैं।

## नोएडा में निःशुल्क शिविर का आयोजन किया गया....

**नोएडा ।** मां कामाख्या धर्मादा ट्रस्ट : भारत वर्ष के तत्वाधान में आज सेक्टर - 75 स्थित गोल्फसिटी प्लॉट 11 के कम्युनिटी सेंटर में ट्रस्ट ओर से निःशुल्क पेन रिलीफनेचुरोपैथी का एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया जिस में डॉ. सेकुरु उमा प्रसाद एवं डॉं नूपुर प्रसाद के द्वारा लगभग 75 लोग को निःशुल्क परामर्श के साथ उपचार किया गया । संस्था की मातृशक्ति प्रभारी श्रीमती शिखा गुप्ता ने बताया कि संस्था के अध्यक्ष पूज्य श्री संकर्षण शरण (गुरु जी) समस्त भारतवर्ष में भौतिक स्वच्छता के लिए हर गाँव, मुहल्ले में स्वच्छता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है जिसके अंतर्गत संस्था के कार्यकर्त्ता गाँव-गाँव जाकर स्वच्छता कार्यक्रम का आयोजन करते हैं और लोगों को स्वच्छता के प्रति प्रेरित करते हैं। मानसिक स्वच्छता के लिए पूज्यश्री नियमित रूप से अपने अनुयायियों को भगवत कथा के माध्यम से उनमें छिपे अज्ञान को दूर कर एक स्वच्छ मानसिकता उत्पन्न करने का प्रयास करते हैं। धार्मिक आयोजन - यज्ञ, हवन, भगवद् गीता, उपनिषद्, रामायण एवं अन्यान्य महापुराणों की कथा प्रवचन के माध्यम से भगवान की आराधना एवं उपासना तथा उनके जीवन में कथाओं के सही अर्थ को समझाने का कार्य पिछले 20 वर्षों से भी अधिक समय से कर रहें हैं । समाज के पिछड़े असहाय महिला व पुरुषों के लिये कल्याणकारी कार्यक्रमों का संचालन करना तथा सरकारी योजनाओं के लाभ के बारे में जागरूक करने का कार्य किया जा रहा है । इस कार्यक्रम में संस्था प्रभारी औरंगाबाद श्री राजेश दूबे, अमित दूबे एवं गोल्फसिटी से पुरुषोत्तम ता परिया, रवि जोशी एवं तुषार गुप्ता ने भरपूर सहयोग किया ।



nandgaon times april-30-2.qxd 4/29/2024 11:56 PM Page 2



# निगम स्वामित्व की दुकाने एवं मुख्यमंत्री स्वावलंबन योजनांतर्गत विभिन्न क्षेत्रों में निर्मित दुकानों का आयुक्त ने किया आकस्मिक निरीक्षण

## 7 दिवस के अंदर अनुबंध करा किराया जमा करने के दिये समझाईश, वरना दुकाने होगी सील







**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** नगर निगम आयुक्त श्री अभिषेक गुप्ता आज सुबह निगम सीमाक्षेत्र में निर्मित निगम स्वामित्व की दुकाने एवं मुख्यमंत्री स्वावलंबन योजनांतर्गत विभिन्न स्थानों में निर्मित दुकानों का राजस्व अमला के साथ आकस्मिक निरीक्षण कर अनुबंध कराने तथा किराया जमा करने दुकानदारों को समझाईस दिये। उन्होंने किराया जमा नहीं कराने पर संबंधित राजस्व कर्मचारी को भी नोटिस जारी करने के निर्देश दिये।

आयुक्त श्री गुप्ता निगम स्वामित्व की दुकानों में टाका घर के सामने निर्मित दुकान, रेल्वे स्टेशन पुराना सफाई कार्यालय में निर्मित दुकान, दिल्ली दरवाजा के पास निर्मित दुकान तथा नंदई रोड भैसा कोठा में निर्मित दुकानों का आकस्मिक निरीक्षण किया, निरीक्षण के दौरान उन्होंने दुकानदारों से रूबरू हो सभी दुकानों के संबंध में संबंधित राजस्व उप निरीक्षकों से दुकानों की नीलामी, शेष प्रीमियम राशि, अनुबंध एवं किराये के संबंध में जानकारी ली। जानकारी उपरांत उन्होंने संबंधित दुकानदारों से प्रीमियम राशि जमा करने, अनुबंध करा किराया जमा करने समझाईस देते हुये कहा कि सभी अपने अपने दुकानों की शेष प्रक्रिया पूर्ण कर राशि जमा करे, अन्यथा दुकानें सील करने की कार्यवाही की जावेगी। उन्होंने संबंधित राजस्व उप निरीक्षकों से कहा कि इन्हे नोटिस जारी कर 7 दिवस का समय निर्धारित करे, निर्धारित समय उपरांत अनुबंध किराया जमा नहीं करने पर दुकानें सील कर पुन: नीलामी की कार्यवाही करे। इसी प्रकार आयुक्त श्री गुप्ता निगम सीमाक्षेत्रांतर्गत विभिन्न क्षेत्रों में मुख्यमंत्री स्वावलंबन योजनांतर्गत निर्मित दुकानो में से आडिटोरियंम के बाजू, हाट बाजार, मोहारा रोड व कन्हारपुरी फ्लाई ओव्हर के नीचे, लखोली पानी टंकी के पास, लखोली दुर्गा चौक, लखोली स्कूल के सामने एवं जनता कालोनी के दुकानदारों से चर्चा कर दुकान आबंटन के संबंध में जानकारी लेकर जिन दुकानों का अनुबंध नहीं हुआ है उन्हे अनुबंध कराने तथा नियमानुसार किराया जमा कराने समझाईस देते हुये कहा कि जल्द दुकानों की प्रक्रिया पूर्ण करे अन्यथा अनुबंध के अभाव में दुकान निरस्त कर दिया जावेगा। उन्होंने दुकानो के सबंध में संबंधित राजस्व उप निरीक्षकों से कहा कि मुख्यमंत्री स्वावलंबन योजनांतर्गत निगम सीमांतर्गत निर्मित दुकानों में जिन दुकानों का अनुबंध नहीं हुआ है, उनका अनुबंध करावें तथा किराया जमा करावें। इसके लिये नोटिस जारी करे, नोटिस उपरांत अनुबंध व किराया जमा नही करने पर दुकाने सील करे तथा पुन: आबंटन की कार्यवाही करे। आयुक्त श्री गुप्ता ने जिन दुकान प्रभारियों के द्वारा अपने कार्य में लापरवाही बरत अनुबंध व किराया वसूली नही किया गया, उन्हे नोटिस जारी करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि निगम के राजस्व वृद्धि में किसी भी प्रकार की कोताही बर्दास्त नहीं की जावेगी। निरीक्षण के दौरान राजस्व उप निरीक्षक श्री रविन्द्र ठाकुर व श्री राजकुमार बंजारे, राजस्व लिपिक श्री अभिजीत हरिहारनो व श्री प्रकाश साहू सह उद्यान प्रभारी श्री दिलीप गिरी व प्र.पटवारी श्री मिलिन्द रेड्डी उपस्थित था।

# गंजपारा और म्युनिस्पल में प्राथमिक हिन्दी माध्यम स्कूल आरंभ हो : क्रिष्टोफर पॉल



**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** शासन द्वारा राज्य के किसी भी विद्यालय में हिंदी माध्यम की शिक्षा को बंद करने का कभी कोई आदेश नहीं दिया गया। बावजूद इसके शहर में दो स्थानों पर हिन्दी माध्यम के प्राथमिक स्कूल बंद कर दिए गए, जिसको लेकर छत्तीसगढ़ पैरेंटस एसोसियेशन के प्रदेश अध्यक्ष क्रिष्टोफर पॉल ने नवपदस्थ प्रभारी जिला शिक्षा अधिकारी अभय जायसवाल को पत्र लिखकर इन दोनों स्थानों पर अविलंभ हिन्दी माध्यम के प्राथमिक स्कूल आरंभ करने का आग्रह किया है। गंजपारा में वर्ष 2018 को इग्नाईट योजना अंतर्गत हिन्दी माध्यम के प्राथमिक स्कूल बंद कर अंग्रेजी माध्यम के स्कूल आरंभ किया गया, जबकि शासन स्तर पर यहां हिन्दी माध्यम स्कूल बंद करने का कभी कोई आदेश नहीं दिया गया था। बावजूद इसके यहां हिन्दी माध्यम स्कूल बंद कर दिया गया, जबकि शासन स्तर पर यहां हिन्दी माध्यम स्कूल निरंतर संचालित करने का आदेश दिया गया है, वैसे ही वर्ष 2020 में म्युनिस्पल स्कूल में संचालित प्राथमिक हिन्दी माध्यम स्कूल को बंद कर स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल संचालित किया जा रहा, जबकि यहां पर भी पूर्व से संचालित हिन्दी माध्यम प्राथमिक स्कूल को बंद करने को शासन स्तर पर कोई आदेश नहीं दिया गया। बावजूद इसके यहां पर भी हिन्दी माध्यम के प्राथमिक स्कूल को बंद कर दिया गया। श्री पॉल ने बताया कि गंजपारा और म्युनिस्पल स्कूल में हिन्दी माध्यम के प्राथमिक स्कूल बंद करने को कोई आदेश शासन ने कभी नहीं दिया। बावजूद इसके इन दोनो स्थानों पर प्राथमिक हिन्दी माध्यम स्कूल बंद कर दिया गया, जो शासन के आदेश का स्पष्ट उल्लंघन है, इतना ही नहीं माननीय उच्च न्यायालय बिलासपुर ने भी इन स्थानों में हिन्दी माध्यम स्कूल संचालित करते रहने का आदेश दिनांक 6 जुलाई 2023 को दिया है। शासन ने यह भी स्पष्ट किया है कि इन स्थानों पर दो पालियों में भी शाला संचालित किया जा सकता है, लेकिन हिन्दी माध्यम की शिक्षा को बंद नहीं किया जावेगा और न ही भविष्य में इसे बंद करने की कोई योजना है। श्री पॉल का कहना है कि जिले के जिम्मेदार अधिकारियों ने प्रायवेट स्कूलों को अनुचित लाभ दिलाने इन दोनों स्थानों पर पूर्व से संचालित हिन्दी माध्यम के प्राथमिक स्कूल को बंद कर दिया गया, जिसे पुन: आरंभ करने की मांग की गई है।

# जिले के सभी श्रेणी के मतदान केंद्रों में उत्साह पूर्वक हुआ मतदान

## आतंक और भय भी नहीं रोक पाये मतदाताओं का उत्साह

**मोहला ( नांदगांव टाइम्स )।** लोकसभा निर्वाचन राजनांदगांव क्षेत्र क्रमांक 6 के अंतर्गत जिला मोहला मानपुर अंबागढ़ चौकी के मोहला मानपुर विधानसभा क्षेत्र में काफी उत्साह जनक मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। घोर नक्सल प्रभावित क्षेत्र अति संवेदनशील मतदान केंद्रों में भी मतदाताओं ने बिना किसी भय के अपने मताधिकार का प्रयोग कर साबित कर दिखाया कि वे लोकतंत्र के साथ खड़े हैं। जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन द्वारा किए गए ठोस प्रबंधन एवं सुरक्षा के पुख्ता उपाय के चलते मतदाताओं का हौंसला बना रहा। कलेक्टर श्री एस जयवर्धन के निर्देशानुसार स्वीप प्लान के लिए चलाये गये जागरूकता अभियान से जिले के नागरिकों ने मतदान के महत्व कों समझा और मतदान करने आगे आये। जिला व पुलिस प्रशासन का साथ मिलने से मतदान के प्रति बड़ा रुझान देखने को मिला। जिला निर्वाचन कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार अतिसंवेदनशील मतदान केंद्रों में 76.88 मतदान प्रतिशत रहा। इसी प्रकार संवेदनशील मतदान केंद्रों में 76.93 प्रतिशत मतदान हुआ है। इसी प्रकार सामान्य मतदान केंद्रों में 77.85 प्रतिशत मतदान हुआ है। पुरुष मतदाताओं का मतदान 76.73 प्रतिशत एवं महिला मतदाताओं का 77.34 प्रतिशत मतदान रहा है। इस प्रकार से मतदाताओं का कुल मतदान 77.09 प्रतिशत रहा है।

**अति संवेदनशील एवं संवेदनशील मतदान केंद्रों में भी मतदाताओं ने दिखाया**

# सीमावर्ती जिलों में तीसरे चरण के मतदान के लिए उड़नदस्ता दल का गठन

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री संजय अग्रवाल ने लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत राजनांदगांव के सीमावर्ती जिलों में होने वाले तीसरे चरण के मतदान दिवस 7 मई 2024 तक निर्वाचन व्यय मानिटरिंग एवं आदर्श आचरण संहिता के अनुपालन के लिए विधानसभावार उडऩदस्ता दल का गठन किया है। इसके अनुसार विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 74-डोंगरगढ़ अंतर्गत उप अभियंता (कार्यक्षेत्र डोंगरगढ़) कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी लोक निर्माण विभाग सेतु निर्माण उप संभाग राजनांदगांव श्री संतोष बिनवार की दल क्रमांक 1 में ड्यूटी लगाई गई है। इनका कार्य क्षेत्र बोरतलाव निर्धारित किया गया है। विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 75-राजनांदगांव अंतर्गत सहायक विस्तार विकास अधिकारी जनपद पंचायत राजनांदगांव श्री बलवीर सिंह की दल क्रमांक 2 में ड्यूटी लगाई गई है। इनका कार्य क्षेत्र सोमनी निर्धारित किया गया है। विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 76-डोंगरगांव अंतर्गत उप अभियंता लोक निर्माण विभाग उप संभाग क्रमांक 2 राजनांदगांव श्री कौशल कुमार जत्ती की दल क्रमांक 3 में ड्यूटी लगाई गई है। इनका कार्य क्षेत्र बागनदी निर्धारित किया गया है। विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 77-खुज्जी अंतर्गत अनुविभागीय अधिकारी ग्रामीण यांत्रिकी सेवा उप संभाग छुरिया श्री गिरधर प्रसाद लारिया की दल क्रमांक 4 में ड्यूटी लगाई गई है। इनका कार्य क्षेत्र कल्लूबंजारी निर्धारित किया गया है। सभी उडऩदस्ता दलों के साथ पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी भी साथ रहेंगे। निगरानी दल निर्धारित कार्य क्षेत्र में निर्वाचन के दौरान अलग-अलग स्थानों पर चेक पोस्ट का निर्माण कर निगरानी करेंगे। उडऩदस्ता दल द्वारा चेक पोस्ट का निर्माण किया जाएगा एवं निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान निर्वाचन में अत्यधिक प्रचार खर्चों, रिश्वत की मदों का नगद या वस्तु रूप में वितरण, अवैध शस्त्रों, गोला बारूद, शराब या सामाजिक तत्वों आदि पर निगरानी रखेगी। जांच की सभी प्रक्रिया की वीडियोग्राफी की जाएगी। थाना प्रभारी अपने-अपने दल में आवश्यकतानुसार सुरक्षाबल के साथ रहेंगे। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त व्यय प्रेक्षक, जिला निर्वाचन अधिकारी, रिटर्निंग ऑफिसर, शिकायत अनुवीक्षण नियंत्रण कक्ष, व्यय अनुवीक्षण सेल, नोडल अधिकारी से प्राप्त सूचना एवं निर्देशों पर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करेंगे। आयोग द्वारा निर्वाचन व्यय मानिटरिंग में दिए गए निर्देशों का पालन सुनिश्चित करेंगे।

**शुभांक**

5-7-8

779-3 580-3

**भाग्यांक**

246-2 245-1

# भाजपाईयों ने सीएमओ पर कांग्रेसी एजेंट होने का लगाया

ताहिर खान



**छुरिया ( नांदगांव टाइम्स )।** लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण के लिए स्वामी आत्मानंद विद्यालय में बनाए गए तीन बूथों में अंतिम समय शाम 6 बजे के बाद मतदान करने पहुंचे एक युवा मतदाता को निर्वाचन अधिकारी एवं नगर पंचायत सीएमओ ने मतदान केन्द्र के भीतर भेजे जाने का विरोध करते हुए भाजपाईयों ने सीएमओ पर कांग्रेस का एजेंट होने का आरोप लगाया है । उनके विरोध के बाद उक्त युवक को सीएमओ ने मतदान का समय सीमा समाप्त होने पर उसे वापस बुलाकर बैरंग लौटाया है । उल्लेखनीय है कि लोकसभा चुनाव को लेकर भाजपा एवं कांग्रेस ने छुरिया के तीन मतदान केन्द्रों में मतदाताओं को अपने-अपने घोषणा पत्र के वायदे अनुसार लोगों को अपने पक्ष में मतदान करने सुबह से शाम तक मतदान केन्द्रों में डटे रहे । शाम 6 बजते ही मतदान की प्रक्रिया समाप्त हो गई थी, उसके बाद भी एक युवक को निर्वाचन अधिकारी एवं नगर पंचायत सीएमओ ने मतदान करने के लिए परिसर भीतर दाखिल कर दिया था जिसको देखते हुए भाजपाईयों ने इसका कड़ा विरोध दर्ज किया । नगर पंचायत सीएमओ पर कांग्रेस का एजेंट होने का गंभीर आरोप लगाते हुए सांसद प्रतिनिधि सुरेन्द्र सिंह भाटिया, भाजपा मण्डल अध्यक्ष अजय पटेल, भाजपा मीडिया प्रभारी राधेश्याम शर्मा, प्रिंस भाटिया, स्वपनिल पटेल, रवि यदु, ने कहा कि मतदान का समय समाप्त होने के बाद भी सीएमओ द्वारा उसे मतदान करने भेजना नियम विरूद्ध है । भाजपाईयों के विरोध के बाद सीएमओ ने उक्त युवक को मतदान का समय समाप्त होने पर उसे वापस बुलाकर बैरंग लौटाया । तब जाकर भाजपाईयों का गुस्सा शांत हुआ ।

# कलेक्टर ने ली सभी मास्टर ट्रेनरों की बैठक

## कलेक्टर ने लोकसभा निर्वाचन शांतिपूर्ण एवं निर्विघ्न संपन्न होने के लिए सभी मास्टर ट्रेनरों को धन्यवाद ज्ञापित किया



**कलेक्टर ने लोकसभा निर्वाचन कार्य को सरलता पूर्वक संपन्न कराने प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से सहयोग करने वालों के प्रति आभार व्यक्त किया**



**मोहला ( नांदगांव टाइम्स )।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री एस जयवर्धन ने आज कलेक्ट्रेट सभा कक्ष में सभी मास्टर ट्रेनरों की बैठक आयोजित कर लोक सभा निर्वाचन 2024 के तहत जिले में शांतिपूर्ण एवं निर्विघ्न मतदान संपन्न होने पर जिले के सभी मास्टर ट्रेनरों को धन्यवाद ज्ञापित किया। उन्होंने कहा कि जिले में बड़ी संख्या में मतदान करने हेतु अधिकारी एवं कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई थी। जिन्होंने पूर्ण प्रतिबद्धता के साथ मतदान सुचारू ढंग से संपन्न कराने में अपने कर्तव्य एवं दायित्वों का भली भांति निर्वाह किया है। साथ ही उनका कार्य सराहनीय रहा हैं। उन्होंने लोकसभा निर्वाचन कार्य संपन्न होने एवं सभी गतिविधियों की विस्तृत समीक्षा की और सभी मास्टर ट्रेनरों को अपनी कार्य अनुभव साझा करने कहा एवं आगामी मतगणना तिथि को कार्य योजना बनाकर सफलतापूर्वक मतगणना कार्य संपन्न कराने कहा।

सभी मास्टर ट्रेनरों ने जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन को धन्यवाद दिया और कहा कि जिला प्रशासन की मार्गदर्शन से ही आज यहां लोकसभा निर्वाचन कार्य संपन्न हुआ हैं। साथ ही उन्होंने पुलिस प्रशासन को सुरक्षात्मक कार्य योजना के साथ अतिसंवेदनशील एवं संवेदनशील मतदान केंद्रों में सुरक्षा प्रदान कर मतदान कार्य संपन्न कराने में पुलिस अधीक्षक श्री यशपाल सिंह को धन्यवाद ज्ञापित किया है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री जयवर्धन ने शांतिपूर्ण एवं सरलता के साथ मतदान संपन्न होने पर मतदान कार्य संपादित एवं संपन्न, प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से सहयोग करने वाले सभी अधिकारियों, कर्मचारियों सुरक्षा कर्मियों, पुलिस बल के जवानों, प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के प्रतिनिधियों, राजनीतिक दल के प्रतिनिधियों, स्काउट गाइड के छात्रों, मतदान दलों को लाने ले जाने के कार्यों में लगे वाहन चालकों, जिले के सभी नागरिकगणों, सभी मतदाताओं को सफलता पूर्वक मतदान कार्य संपन्न होने पर सभी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए बधाई दी।

न्यायालय नायब तहसीलदार डोंगरगढ़, जिला-राजनांदगाँव (छ.ग.)

-:: ईश्तहार::-

रा.प्र.क. 202404092300017-.अ/74-वर्ष 2023-24

एतद सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक मुरली वर्मा पिता अर्जुन वर्मा जाति लोधी निवासी ग्राम छपारा तहसील डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव द्वारा आवेदन पत्र पेश किया गया है कि अपने पत्नि किरण वर्मा पति मुरली वर्मा जाति लोधी की मृत्यु दिनांक 09.05.2019 को ग्राम छपारा में हुआ है। जिसका ग्राम पंचायत के जन्म/मृत्यु पंजी में मृत्यु दर्ज नही कराया गया है। आवेदक द्वारा अपने पत्नि किरण वर्मा पति मुरली वर्मा जाति लोधी की मृत्यु दिनांक 09.05.2019 को ग्राम छपारा में दर्ज करने आवेदन पत्र, अनुलब्धता प्रमाण पत्र की प्रति पेश किया गया है। अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को उजर व आपत्ति हो तो वह दिनांक 30.04.2024 तक इस न्यायालय में उपस्थित होकर पेश कर सकते हैं। नियत दिनांक के पश्चात प्राप्त आपतित पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 15.04.2024 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

सील

नायब तहसीलदार डोंगरगढ़ (छ.ग.)

## ज्ञान मंथन

*1) भारत के नियन्त्रक एवं महालेखा परीक्षक अधिकतम कितने वर्षों के लिए अपना पद धारण कर सकते हैं?*
*2) राष्ट्रीय हरित अधिकरण का मुख्यालय कहाँ स्थित है?*
*3) सिविल सेवा परीक्षा की समीक्षा हेतु संघ लोक सेवा आयोग ने जुलाई 2000 में किसकी अध्यक्षता में एक समिति का गठन किया?*
*4) बिना मिट्टी के पौधों को उगाने की विधि को क्या कहते हैं?*
*5) हाल ही में किस संस्था ने भारत की सबसे हल्की बुलेट प्रूफजैकेट विकसित की है?*

**RamaQuiz (Pappu Ganesh )**



## उत्तर माला

(1) 6 वर्ष (2) नई दिल्ली (3) प्रोफेसर योगिन्दर कुमार अलग (4) हाइड्रोपॉनिक्स (5) रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन

## चक्रधर कल्याण कत्थक केन्द्र में विश्व नृत्य दिवस मनाया

**राजनांदगांव।** विश्व नृत्य दिवस पर चक्रधर कल्याण कत्थक केन्द्र में मनाया गया.संस्था के संस्थापक डॉ कृष्ण कुमार सिन्हा व तुषार कुमार



सिन्हा ने संस्था में अध्ययनरत बच्चों को कत्थक के बारे में बताया व नृत्य महज मनोरंजन का साधन नहीं है, बल्कि यह भावनाओं के साथ, कला व संस्कृति को दर्शाने और सेहतमंद रहने का एक बेहतरीन जरिया है उन्होंने बताया कि कथक, भरतनाट्यम, बैले जैसे आदि डांस है जो दुनियाभर में लोकप्रिय है.बताया कि छतीसगढ़ में विविध अवसरों पर पंथी नृत्य, चंदैनी नृत्य, राउत नाचा, करमा, सुआ नृत्य आदि अनेक नृत्य किए जाते हैं इस अवसर पर संस्था के बच्चे बड़ी संख्या में उपस्थित थे.

## युवा मोर्चा कुलेश्वर निषाद ने लोगों का किया आभार

**राजनांदगांव( नांदगांव टाइम्स )।** लोकसभा चुनाव सम्पन्न होने पर जिला भाजयुमो प्रचार प्रभारी व मछुवा प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष कुलेश्वर



निषाद ने सभी भाजपा पदाधिकारियों का आभार प्रकट करते हुए कहा कि सभी ज्येष्ठ एवं श्रेष्ठ कार्यकर्ता गण, जिला पदाधिकारीगण युवा मोर्चा के पूरे टीम समस्त मोर्चा के पदाधिकारी गण बुथ के कार्यकर्ता गण आप सब के संगठित प्रयास को सादर नमन करते हैं । आप सब को आभर एवं पूरे छत्तीसगढ़ को अग्रिम बधाई देते हुए कुलेश्वर निषाद ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का पूरे देश में लहर हैं साथ ही इस बार भी अत्यधिक मतों से भाजपा प्रत्याशी जीत दर्ज कर राजनांदगांव लोकसभा से विजय होकर केन्द्र में जाकर राजनांदगांव लोकसभा के लिए विकास का नया आयाम रचेंगे और इस बार भाजपा सरकार पूरे भारत में चार सौ से ज्यादा सीट हासिल कर नया कीर्तिमान स्थापित करेंगे।



## निधन

**किशोर कुमार वैष्णव**

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** शहर के तुलसीपुर निवासी किशोर कुमार वैष्णव पिता शिव कुमार वैष्णव का आज तड़के सुबह 7:00 बजे निधन हो गया है. श्री वैष्णव पेशे से शिक्षक थे. उनका अंतिम संस्कार देर शाम मोतीपुर स्थित मुक्तिधाम में किया गया है।

# छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा परीक्षा परिणाम से विद्यार्थियों के मन में उत्पन्न निराशा एवं तनाव को दूर करने के लिए कार्यशाला आयोजित

## शिक्षकों एवं पालकों को मार्गदर्शन एवं सकारात्मक दृष्टिकोण की दी गई समझाईश

**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा परीक्षाओं के परिणाम आने के पहले अभिभावकों को मार्गदर्शन एवं सकारात्मक दृष्टिकोण की समझाईश देने के लिए वीडियों कॉफ्रेंसिंग के माध्यम से कार्यशाला आयोजित की गई। इस दौरान कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल वीडियो कॉफ्रेसिंग के माध्यम से कार्यशाला से जुड़े रहे।

कार्यशाला में परीक्षा परिणाम से विद्यार्थियों के मन में उत्पन्न निराशा एवं तनाव को दूर करने हेतु उन्हें आगे बढने के लिए अभिप्रेरित करने की दक्षता का विकास, परीक्षा परिणाम से तनाव के कारण डिप्रेशन से उत्पन्न लक्षणों को पहचानने के संबंध में जानकारी दी गई। शिक्षकों एवं पालकों को मार्गदर्शन एवं सकारात्मक दृष्टिकोण की समझाईश दी गई। बोर्ड परीक्षाएँ समाप्त हो चुकी है और सभी परीक्षा परिणामों का इंतजार है। किसी भी परिणाम में कुछ विद्यार्थियों के परीक्षा परिणाम आशा अनुरूप होंगे। कुछ विद्यार्थियों के परीक्षा परिणाम अपेक्षा से कम होंगे। कुछ लोगों के निराशाजनक होगें तथा कुछ जो अपने परीक्षा परिणाम से संतुष्ट नहीं होंगे वे निराश होंगे जिससे तनाव महसूस करने की स्थितियां होती है।



आवश्यक है कि हम इन स्थितियों के पहले ही विद्यार्थियों और पालकों में परीक्षा परिणाम को लेकर उचित मार्गदर्शन करें।

कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल ने कहा कि बच्चों के ऊपर अनावश्यक दबाव और अपेक्षाएं नहीं डालनी चाहिए। अभिभावक अपने विचारों को बच्चों के ऊपर डाल देते हैं। ये अभिभावकों का अतिरिक्त दबाव और अपेक्षाएं होती है वह सबसे ज्यादा खतरनाक होता है। उन्होंने कहा कि अभिभावकों का काम सपोर्ट करना है। पालकों को बच्चे की रूचि के अनुसार आगे बढ़ाने के लिए सपोर्ट करना है। पालक सपोर्ट करना छोड़कर अपेक्षाएं ज्यादा करते हैं, इससे समस्याएं बढ़ती हैं। उन्होंने कहा कि बच्चों की रूचि बहुत महत्वपूर्ण होती है। पालक यदि बच्चों की रूचि समझते हैं और इसके हिसाब से बच्चों को सपोर्ट करते हैं तो समस्याओं का हल निकाल सकते हैं। बहुत से कारणों से परीक्षा परिणाम खबरा और अच्छा हो सकता है। परीक्षा परिणाम आपके जीवन से बढ़कर नहीं है। परीक्षा तो एक तरीका है हमने क्या पढ़ाया और बच्चों ने क्या सीखा है। उन्होंने कहा कि स्कूल में बहुत सारी बातें सीखने मिलती है केवल शब्द ज्ञान या अन्य ज्ञान के अतिरिक्त शिक्षक, अन्य बच्चों से संपर्क में रहते हैं। जिससे बहुत सारी बातें सीखने को मिलती है। स्कूल का नजरिया यह नहीं होना चाहिए कि बच्चे कितने अंक प्राप्त किये हैं। यही बात पालक और शिक्षक को भी समझना होगा। प्रत्येक बच्चा देश का भविष्य है। पालक, शिक्षक और समाज के अन्य लोगों की भूमिका है कि बच्चे के मन को समझें। अपेक्षा और तुलना ये दो बातें बहुत खराब होती हैं। पालक और शिक्षक इससे कैसे बचे ध्यान रखने कहा। जीवन में सारी चीजों का समावेश होना चाहिए। जिला पंचायत सीईओ सुश्री सुरूचि सिंह ने कहा कि अभिभावक या परिवार का कोई भी सदस्य बच्चों के साथ कुछ समय बितायेंगे तो बहुत अच्छा प्रभाव पड़ता है। उनकी बातों को समझ सकते हैं। उनकी इच्छाओं को जान सकते हैं। जिससे उनकी रूचि के अनुरूप कार्य किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि जिला प्रशासन एवं स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा परीक्षा परिणाम से उत्पन्न तनाव को दूर करने हेतु दक्षता विकास प्रशिक्षण 30 अप्रैल को सुबह 11 बजे से जिला पंचायत के सभाकक्ष में आयोजित किया गया है। दक्षता विकास प्रशिक्षण से शिक्षक और पालकों को जुड़ने के लिए आग्रह किया गया है। संचालक सचदेवा न्यू पीटी कॉलेज भिलाई श्री चिरंजीव जैन ने परीक्षा परिणाम से उत्पन्न तनाव को दूर करने के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी श्री अभय जायसवाल, जिला परियोजना अधिकारी साक्षरता श्रीमती रश्मि सिंह सहित शिक्षा विभाग के अधिकारी और शिक्षकगण उपस्थित थे।

## अटल आवास में रहने वाले बच्चों को कॉपी पेन, और मिठाई वितरण किया गया

**धमतरी।** मां कामाख्या धर्मादा ट्रस्ट भारतवर्ष के तत्वाधान में आज रुद्री रोड कैलाशपति ,सिद्धिविनायक के बीच में अटल आवास में रहने वाले बच्चों को परम पूज्य गुरुदेव श्री संकर्षण शरण जी के वैवाहिक वर्षगांठ के उपलक्ष्य में जिलाध्यक्ष श्रीमति कमलेश गुप्ता जी के द्वारा पौष्टिक आहार ,कॉपी पेन और मिठाई वितरण किया गया।



बच्चों से प्रश्न पूछ कर सही उत्तर देने वाले बच्चों को पुरस्कृत किया ,अध्यात्म से दूर हो रहे छोटे-छोटे बच्चों को हनुमान चालीसा का पाठ करना सिखाया गया,शिक्षा के साथ संस्कार जरूरी है, और यदि यह संस्कार शुरू से बच्चों में डाला जाए तो आज युवा कभी अपने मार्ग में भटकेंगे नहीं,इस कार्य में वृंदावन गुप्ता जी ,राकेश गुप्ता जी ,श्रीमती प्रजापति ,सुनैना मिश्रा, श्रीमति सरोज तिवारी,वाचा मजूमदार, बसंती शर्मा, रेणु, अनिता पांडे, पूनम तिवारी सहित ट्रस्ट के समस्त पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## राजेश जैन बने रीजन चेयरमेन ललित भंसाली को मिली जोन चेयरमेन की जिम्मेदारी

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** लायंस क्लब इंटरनेशनल डिस्ट्रिक्ट 3233 सी. के डिस्ट्रिक्ट गवर्नर





लायन सुधीर जैन के डिस्ट्रिक्ट श्लोगन सेवा परमो धमा: के अनुसार सत्र 2024-25 में सेवा गतिविधियों का संपादन किया जायेगा। सेवा गतिविधियों में श्रेष्ठता, उत्कृष्ठता लाने के साथ डिस्ट्रिक्ट के सेवाभावी लायंस क्लबो में समांजस्य और मार्गदर्शन के लिए लायंस क्लब राजनांदगांव सिटी के पूर्व लायंस अध्यक्ष राजेश जैन को रीजन 12 का रीजन चेयरमेन मनोनित किया गया है उनके सहयोग के लिए लायंस क्लब नांदगांव के पूर्व अध्यक्ष ललित भंसाली को जोन चेयरमेन बनाया गया वही लायंस क्लब रायपुर शिखर से लायंस लक्ष्मी बुरड़, लायंस क्लब, दुर्ग मिड टाउन से अरविंद खण्डेलवाल को भी जोन चेयरमेन मनोनित किया गया है रीजन चेयरमेन राजेश जैन के नेतृत्व में लायंस क्लब ऑफनांदगांव, लायंस क्लब राजनांदगांव सिटी, लायंस क्लब भिलाई ,लायंस क्लब रायपुर शिखर, लायंस क्लब रायपुर डायमंड, लायंस क्लब रायपुर ग्रेटर, लायंस क्लब दुर्ग सिटी, लायंस क्लब दुर्ग मिड टाउन, लायंस क्लब दुर्ग स्वर्णा में कार्य करेंगे। रीजन के सफल संचालन के लिए लायन संजय रिझवानी एडवाइज़र लायन संतोष लोहिया, कोर्वाडिनेटर लायन राजकुमार शर्मा सेकेटरी, लायन राजू नागवानी को पी.आर.ओ. मनोनित किया गया है। डिस्ट्रिक्ट गवर्नर लायन सुधीर जैन सत्र 2024-25 में सेवा परमो धमा: का उद्येश्य लेकर हेंडिक्राफ हंगर डाइबीटिस ,पर्यावरण के साथ व्यक्तित्व विकास पर वृहत कार्य किया जायेगा।

## देश की समृद्धि व विकास के लिए पुन: मोदी सरकार बनाने भाजपा कार्यकर्ता अडिग - गीता घासी साहू



### महिलाओ ने नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने लिया संकल्प

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती गीता घासी साहू इन दिनों भाजपा के दुर्ग लोकसभा प्रत्याशी विजय बघेल को जीत दिलाने के लिए रिसाली मंडल महिला मोर्चा, बूथ स्तरीय बैठक मरोदा टैंक, रिसाली भिलाई मे बैठक ली। इस दौरान उन्होंने भाजपा की प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के साथ केंद्र में नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विगत 10 साल की उपलब्धियां की जानकारी दी, उन्होंने कार्यकर्ताओं से कहा कि भारत को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने के लिए श्री नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाना जरूरी है. इसके साथ ही उन्होंने दुर्ग सांसद भाजपा प्रत्याशी विजय बघेल को भी जीताकर लोकसभा भेजने की अपील की,कांग्रेस द्वारा 1 लाख प्रतिवर्ष दिए जाने के लिए महिलाओं से फार्म भरवाए जाने को लेकर कहा कि वर्ष 2018 में हुए विधानसभा चुनाव में कांग्रेस ने महिलाओं को 500 रुपए प्रतिमाह देने का वादा किया था लेकिन नहीं दिया.उन्होंने कहा कि जब कांग्रेस 500 रुपए महीने नहीं दे सकी तो एक लाख कैसे देगी,उन्होंने कहा कि भाजपा ने हाल ही में



हुए विधानसभा चुनाव के समय महिलाओं को 1000 देने का वादा किया था और छत्तीसगढ़ में विष्णुदेव साय के मुख्यमंत्री बनने के बाद 1000 रुपए खाते में आने भी लगे हैं। इस दौरान महिलाओं ने श्री नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने का संकल्प लिया। अध्यक्ष गीता घासी साहू ने कहा कि केंद्र सरकार की योजनाओं से सभी को लाभ मिला है देश की समृद्धि और चहुमुखी विकास के लिए पुन: मोदी सरकार बनाने के लिए कार्यकर्ता कृत संकल्पित एवं अडिग है।बैठक में मुख्य रूप से चेमन लाल देशमुख, रजनी बघेल, उपासना साहू,शैलेंद्र शेंडे,करुणा बघेल,रुखमणी साहू, आशा उमरे,मोगरा देशमुख,रमा साहू, गजेंद्री कोठारी, ममता सिंहा, नागेंद्र पांडे सहित मंडल पदाधिकारी, शक्ति केंद्र, पदाधिकारी, संयोजक, सहसंयोजक, बूथ अध्यक्ष, बूथ पालक, बी एल ओ सहित भाजपा वरिष्ठ जन एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# धर्म समाचार....

## मई महीने में भूलकर भी इन तिथियों पर न करें शुभ काम, जीवन पर पड़ सकता है बुरा असर

कई ऐसे शुभ कार्य जो गुरु और शुक्र तारा के अस्त होने पर किए जाते हैं। उन कार्यों को भद्रा विष्टि करण के समय नहीं करना चाहिए। अनदेखी करने से कार्य में सिद्धि नहीं प्राप्त होती है। साथ ही जीवन पर नकारात्मक प्रभाव भी पड़ता है। इसके लिए शुभ कार्य करते समय भद्रा समय का विशेष ध्यान रखना पड़ता है।


ज्योतिषीय गणना के अनुसार 01 मई को देवगुरु राशि परिवर्तन करेंगे। हालांकि, दो दिन बाद ही गुरु अस्त हो जाएंगे। इससे पहले शुक्र ग्रह भी अस्त हो चुके हैं। इसके लिए मई महीने में विवाह हेतु लग्न मुहूर्त नहीं है। कई ज्योतिष गुरु और शुक्र तारा के अस्त होने पर शुभ कार्य न करने की सलाह देते हैं। अत: मई और जून महीने में शुभ कार्य करने से पहले अपने निकटतम ज्योतिष से अवश्य ही सलाह लें। लेकिन क्या आपको पता है कि कई ऐसे शुभ कार्य जो गुरु और शुक्र तारा के अस्त होने पर किए जाते हैं। उन कार्यों को भद्रा विष्टि करण के समय नहीं करना चाहिए। अनदेखी करने से कार्य में सिद्धि नहीं प्राप्त होती है। साथ ही जीवन पर नकारात्मक प्रभाव भी पड़ता है। इसके लिए शुभ कार्य




करते समय भद्रा समय का विशेष ध्यान रखना पड़ता है। भद्रा मुहूर्त को शुभ कार्यों के लिए उत्तम नहीं माना जाता है। आइए, पंडित हर्षित शर्मा जी से मई महीने में भद्रा विष्टि करण की तिथियां और समय जानते हैं। 03 मई को विष्टि करण समय दोपहर 12 बजकर 45 मिनट से देर रात 11 बजकर 28 मिनट तक है। इस दौरान भूलकर भी शुभ कार्य न करें। 06 मई को विष्टि करण समय दोपहर 02 बजकर 45 मिनट से मध्य रात्रि 01 बजकर 13 मिनट तक है। यह गणना अंग्रेजी कैलेंडर के अनुसार है। इसके बाद 11 मई को भद्रा विष्टि करण का योग है। 11 मई को दोपहर 02 बजकर 24 मिनट से मिनट से देर रात 02 बजकर 08 मिनट तक है। यह गणना भी अंग्रेजी कैलेंडर के अनुसार है। आसान शब्दों में कहें तो 11 मई को दोपहर से लेकर देर रात यानी 12 मई को 02 बजकर 08 मिनट तक भद्रा योग है। पंडित हर्षित शर्मा जी की मानें तो 15 मई को भी भद्रा यानी विष्टि करण का साया है। इस दिन प्रात: काल 04 बजकर 21 मिनट से लेकर शाम 05 बजकर 19 मिनट तक भद्रा मुहूर्त है। इसके बाद 19 मई को भद्रा का अशुभ योग बन रहा है। 19 मई को देर रात 12 बजकर 45 मिनट से लेकर दोपहर 01 बजकर 56 मिनट तक अशुभ समय है। इस समय में भूलकर भी शुभ कार्य न करें। भद्रा का साया 22 मई को भी है। 22 मई को भद्रा योग शाम 06 बजकर 49 मिनट से शुरू होगा जो अगले दिन यानी 23 मई को सुबह 07 बजकर 12 मिनट पर समाप्त होगा। इस दिन भी शुभ कार्य न करें। इसके बाद 26 मई को सुबह 06 बजकर 37 मिनट से लेकर शाम 06 बजकर 08 मिनट तक विष्टि करण का योग है। मई महीने में भद्रा विष्टि करण की अंतिम तिथि 29 मई को है। इस दिन विष्टि करण का योग दोपहर 01 बजकर 45 मिनट से लेकर देर रात यानी 30 मई को देर रात 12 बजकर 45 मिनट तक है।

## महाभारत के कर्ण से जुड़ी ये बातें नहीं जानते होंगे आप

कर्ण महाभारत काल के प्रमुख पात्रों में से एक है। कर्ण महाभारत के सर्वश्रेष्ठ धनुर्धारियों में से भी एक हैं। यह बात को अधिकतर लोग जानते हैं कि कर्ण छ पांडवों में सबसे बड़े भाई थे लेकिन पांडवों की माता कुंती ने ये बात सभी से छुपाई थी जिस कारण कर्ण को उपेक्षा का शिकार होना पड़ा। उन्हें महाभारत के युद्ध में अर्जुन की टक्कर का योद्धा माना जाता है। महाभारत एक ऐसा ग्रंथ हैं, जो मनुष्य को सिखाता है कि जीवन में कौन-सी गलतियां नहीं करनी चाहिए। महाभारत काल के प्रमुख पात्रों में से एक कर्ण की श्रेष्ठता को भगवान परशुराम ने भी स्वीकार किया।



कर्ण को दानवीर कर्ण के नाम से भी जाना जाता है। ऐसे में आइए जानते हैं कर्ण से जुड़ी कुछ ऐसी बातें, जिन्हें कम ही लोग जानते होंगे। **कर्ण का परिवार**- बहुत कम ही लोग यह जानते होंगे कि कर्ण का विवाह हुआ था। कर्ण की एक नहीं बल्कि दो पत्नियां थीं। कर्ण की पहली पत्नी का नाम वृषाली था और दूसरी पत्नी का नाम सुप्रिया। दोनों पत्नियों से कर्ण की नौ संतानें हुई।

**मांगे ये वरदान**- एक बार भगवान कृष्ण ने कर्ण की दानशीलता की परीक्षा लेनी चाही। तब उन्होंने कर्ण के अंतिम समय में उससे सोने का दान मांगा। तब कर्ण के पास केवल सोने के दांत ही थे, तो उसने अपने सोने के दांत तोड़कर भगवान कृष्ण को अर्पण कर दिए। इस दानवीरता से प्रसन्ना होकर भगवान कृष्ण ने कर्ण को वरदान मांगने को कहा। तब कर्ण ने वरदान मांगा कि मेरे वर्ग में जन्मे लोगों का कल्याण हो। दूसरे वरदान रूप में भगवान कृष्ण को अपने राज्य में जन्म लेने को कहा और तीसरा वरदान यह मांगा कि मेरा अंतिम संस्कार ऐसा कोई व्यक्ति करें, जो पाप मुक्त हो। भगवान कृष्ण ने कर्ण के सभी वचन मानते हुए स्वयं उसका अंतिम संस्कार किया। **पिछले जन्म की कथा**- कर्ण पूर्वजन्म में एक असुर राजा दंभोद्भवा था, जो सूर्यदेव के परम भक्त था। सूर्य देव की भक्ति के कारण ही वह अगले जन्म में कवच और कुंडल के साथ, कर्ण के रूप में पैदा हुए थे। लेकिन अपने पूर्व जन्म के कारण ही उन्हें जीवनभर यातनाएं भोगनी पड़ी। कथा के अनुसार, दंभोद्भवा को यह वरदान मिला हुआ था कि उसका वध वही कर सकता है, जिसने एक हजार साल तप किया हो। नर और नारायण भगवान विष्णु के अंशावतार थे। जब दुरदुम्भ को यह पता चला कि नर-नारायण एक हजार साल से तपस्या कर रहे हैं, तो उसे अपनी मृत्यु का भय सताने लगा।

nandgaon times april-30-2.qxd 4/29/2024 11:56 PM Page 4






# लोकसभा चुनाव पहली बार राजनांदगांव जिले में रिकार्ड मतदान

## विगत लोकसभा निर्वाचन से 3 प्रतिशत अधिक मतदान लोकसभा निर्वाचन 2024 जिले में कुल 80.14 प्रतिशत वोटिंग सभी मतदाताओं ने अभूतपूर्व उत्साह से किया मतदान










### मतदाताओं ने दिखाया उत्साह कहा हर एक वोट जरूरी होता है

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र में 26 अप्रैल 2024 को मतदान संपन्न हुआ। अधिक से अधिक मतदाताओं को अपने मताधिकार का प्रयोग करने मतदान अवश्य करें की थीम को लेकर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री संजय अग्रवाल के मार्गदर्शन एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी व स्वीप की नोडल अधिकारी सुश्री सुरूचि सिंह के निर्देशन में सभी विभागों के अधिकारी- कर्मचारी, महाविद्यालय ने लोकसभा निर्वाचन-2024 मतदान प्रतिशत बढ़ाने हेतु मतदाता जागरूकता कार्यक्रमों को सुचारू रूप से संचालित किया। विगत चुनाव में जो कम मतदान प्रतिशत वाले क्षेत्र थे, वहां मतदान प्रतिशत बढ़ाने हेतु स्वीप के विविध आयोजन किये गए। इन आयोजनों में मतदाताओं को मतदान का महत्व समझाया गया मताधिकार का प्रयोग अवश्य करें। मतदान दिवस पर मतदाताओं हेतु मतदान केन्द्रों में आवश्यक व्यवस्था की गई थी। निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार सभी मतदाताओं में मतदान के प्रति जागरूकता लाने हेतु मतदाता जागरूकता कार्यक्रम स्वीप का संचालन कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल के निर्देशन में किया गया। परिणाम स्वरूप जिले के मतदान प्रतिशत में पिछले लोकसभा चुनाव के तुलना में तीन प्रतिशत की वृद्धि हुई। पिछले लोकसभा चुनाव में 77.29 प्रतिशत मतदान हुआ था, इस चुनाव में जिले में 80.14 मतदान हुआ जो कि पिछले चुनाव से 3 प्रतिशत अधिक है।

**मतदाताओं ने देश का पर्व मनाया**

लोकतंत्र की मजबूती के लिये दिया वोट

विगत लोकसभा चुनाव से तीन प्रतिशत अधिक मतदान

जिले के चारों विधानसभाओं में सभी वर्ग के मतदाताओं में मतदान को लेकर खासा उत्साह रहा। मतदान केदो में आवश्यक मूलभूत सुविधाओं के साथ ही सहयोग की आवश्यकता वाले मतदाताओं को सहयोग हेतु मतदाता मित्र स्काउट-गाइड, एनएसएस एवं रेडक्रॉस के छात्र-छात्राएं उपस्थित रही। चारों विधानसभा क्षेत्र में विगत लोकसभा चुनाव की तुलना में लोकसभा निर्वाचन-2024 में अधिक मतदान हुआ है। जिले का कुल मतदान प्रतिशत 80.14 प्रतिशत रहा, जो विगत लोकसभा चुनाव से तीन प्रतिशत अधिक है। विधानसभा अनुसार मतदान समाप्ति उपरांत जिले के विधानसभा डोंगरगढ़ में 79.71 प्रतिशत विधानसभा राजनांदगांव में 77.20 विधानसभा डोंगरगांव में 82.36 प्रतिशत विधानसभा खुज्जी में 81.76 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया।




**घर आजा संगी कार्यक्रम का प्रभाव**

निवास क्षेत्र से बाहर काम एवं रोजगार हेतु गए मतदाताओं को ग्राम पंचायत सचिव एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के माध्यम से मोबाइल पर मतदान दिवस को गांव में आकर मतदान केंद्र में अपने मताधिकार का प्रयोग करने हेतु आग्रह किया गया था। जिसका परिणाम यह हुआ कि अधिकतर बाहर गए लोगों ने अपने मतदान केंद्र में आकर मतदान किया।

**जिले में वृहद स्तर पर हुए थे स्वीप आयोजन**

सभी मतदाताओं को मताधिकार का प्रयोग सुनिश्चित कराने हेतु स्वीप अंतर्गत जिले में वृहद स्तर पर स्वीप आयोजन किये गए थे। जिनमें स्वीप संगोष्ठी, स्वीप युवोत्सव, स्वीप दीपदान, स्वीप हॉकी, स्वीप गार्डन, स्वीप सिग्नेचर वाल, स्वीप रैली स्वीप मोटर सायकल रैली, स्वीप फिट वोटर्स सहित विविध मतदान को प्रेरित करने वाले आयोजन किये गए। इसी क्रम में दूसरे प्रांत में कार्य कर रहे, जिले के मतदाताओं को मताधिकार का प्रयोग हेतु आयोजन किया गया। बाहर रहने वाले मतदाताओं को सूचना पत्र एवं फोन के माध्यम से मतदन करने की सूचना पारिवारिक माहौल में दी गई। मतदाता जागरूकता कार्यक्रम स्वीप के अंतर्गत मतदान के प्रति सभी मतदाताओं को मतदान संदेश देने हेतु जिले में विविध आयोजन संपन्न कराए गए। इन आयोजनों में सभी वर्ग दिव्यांग, बुजुर्ग, युवा, महिला सहित सभी मतदाताओं को मतदान जागरूकता मताधिकार का प्रयोग करने हेतु प्रेरित करने के उद्देश्य से विविध आयोजन संपन्न किए गए। प्रत्येक ग्राम पंचायत नगरीय क्षेत्र में यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिले के समस्त शासकीय विभाग, महाविद्यालय, सामाजिक संस्थाओं, व्यापारिक संगठनों के समन्वय एवं सहयोग से मतदान के प्रति जागरूकता लाने हेतु विभिन्न आयोजन किए गए, जिसका परिणाम सुखद रहा एवं मतदान प्रतिशत में बढ़ोतरी हुई।

## बीपीएस इंग्लिश मीडियम स्कूल में स्थानीय परीक्षाओं के नतीजे आज

**डोंगरगांव (नांदगांव टाइम्स)।** स्थानीय बीपीएस पैरेन्ट्स प्राइड इंग्लिश मीडियम स्कूल के स्थानीय वार्षिक परीक्षाओं के परिणाम संस्था में कल 30 अप्रैल को सुबह 9 बजे घोषित किये जायेगें। प्रभारी प्राचार्य नीलेश श्रीवास्तव द्वारा दी गई जानकारी अनुसार इसके अंतर्गत नर्सरी, केजी वन, केजी टू सहित कक्षा एक से लेकर कक्षा 9 वीं तक के परीक्षा परिणाम घोषित किये जायेंगे। इस अवसर पर उन्होनें समस्त अभिभावकों, पालकों व छात्र छात्राओं से अधिकाधिक संख्या में उपस्थिति की अपील की है।

## छुरिया में 75 प्रतिशत मतदान, मतदाताओं में दिखा जमकर उत्साह



**छुरिया (नांदगांव टाइम्स)।** लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण के लिए शुक्रवार 26 अप्रैल को हुए मतदान में लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया । विशेष कर पहली बार अपने मताधिकार का प्रयोग करने वाले नए मतदाताओं में खासा उत्साह का माहौल रहा । मतदान केन्द्रों में बनाए गए सेल्फी जोन में भी अपनी फोटो खिचाकर उसे वायरल करने की होड़ सी लगी रही । शादी में दूल्हा-दुल्हन बने जोड़ों ने भी बारात में जाने के पहले मतदान कर अपने जागरूक नागरिक होने का परिचय और मतदान का संदेश दिया । छुरिया सहित वनांचल क्षेत्रों में शांतिपूर्ण तरीके से चुनाव संपन्न हो गया।

छुरिया में स्वामी आत्मानंद विद्यालय में तीन बूथ केन्द्रों को निर्वाचन आयोग ने आकर्षक रूप से सजावट किया था । वहीं सेल्फी जोन पर युवा मतदाताओं, महिलाओं ने मतदान कर सेल्फी जोन लिया । छुरिया के तीन बूथ क्रमांक 33, 34 एवं 35 में लगभग में तीन हजार मतदाताओं ने मताधिकार का प्रयोग करते हुए अपना वोट डाला । यहां पर लगभग 75 प्रतिशत मतदान होने की खबर है । वहीं अतिसंवेदनशील नक्सल प्रभावित मतदान केन्द्रों में भी शांतिपूर्वक मतदान संपन्न हुआ । देर रात तक सभी पोलिंग पार्टियों का दल सुरक्षित लौट गए ।

**105 वर्ष बुजुर्ग महिला ने किया मतदान**

नगर पंचायत छुरिया की सबसे बुजुर्ग महिला मणी बेन पटेल ने भी मतदान केन्द्र पहुंचकर अपने मताधिकार का प्रयोग करते हुए वोट डाला ।

**छुरिया पहुंचे लोकसभा प्रत्याशी भूपेश बघेल**

कांग्रेस के लोकसभा प्रत्याशी भूपेश बघेल, खुज्जी विधायक भोलाराम साहू के साथ स्वामी आत्मांनद विद्यालय के तीन बूथों में पहुंचकर मतदान प्रक्रिया का अवलोकन कर जायजा लिया ।

# कांग्रेस अध्यक्ष भागवत साहू के बेटे को जेल भेजना भाजपा का षड्यंत्र

## सत्ता में चूर होकर अपनों को बचा रही भाजपा ग्रामीणों का आरोप



**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के सामने टेढ़ेसरा में 26 अप्रैल को वोटिंग के दौरान भाजपा और कांग्रेस दोनों पक्ष में विवाद पर पुलिस ने जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण के अध्यक्ष भागवत साहू के बेटे जितेंद्र साहू सहित पांच लोगों को कल पकड़ कर जेल भेजा गया जो भाजपा का षड्यंत्र है। सत्ता सीन भाजपा अपने पक्ष के लोगों को बचाकर कांग्रेस पक्ष के लोगों पर ही कार्रवाई करवाई है। जो अनुचित है वास्तव में घटना को लेकर सबसे पहले रिपोर्ट भागवत साहू ने हीं दर्ज करवाई है लेकिन सोमनी थाना पुलिस सत्ता सीन भाजपा के दबाव में आकर एक पक्षीय कार्रवाई की है। जबकि दूसरे पक्ष भाजपा के लोगों ने भी विवाद के दौरान कांग्रेस पक्ष से अवस्थित बर्ताव किया है जो की नींदनिय है पुलिस अगर निष्पक्षता पूर्ण कार्यवाही करती तो दोनों पक्ष को थाने बुलाकर बयान लेती है लेकिन ऐसा नहीं हुआ है यह सब कहते हुए ग्राम टेढ़ेसरा के देवलाल साहू, थानु राम साहू, हर प्रसाद साहू, दिनेश साहू, सुदर्शन देशमुख, नारायण देशमुख, मनोज साहू, सुनील कोठारी, लक्की चंद्राकर गीता साहू, गायत्री साहू, राजिम साहू, चित्रलेखा साहू, रामकली साहू, शिला साहू, रमजीत सिंह, पूनानंद साहू, राजेश देशमुख, रेखा यादव साहू, ललित साहू, रानू साहू आदि ने कहा कि यदि भाजपा पक्ष के आरोपियों को भी नहीं पकड़ा गया उन्हें जेल नहीं भेजा गया तो ग्रामवासी आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। जिसकी जवाबदारी प्रशासन की होगी। जातव्य है कि 26 अप्रैल को लोकसभा चुनाव के लिए मतदान के दिन जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण के अध्यक्ष भागवत साहू के गांव टेढ़ेसरा स्थित मतदान केंद्र में पूर्व मुख्यमंत्री एवं कांग्रेस के लोकसभा उम्मीदवार भूपेश बघेल मतदान संबंधित जानकारी लेने पहुंचे हुए थे। मतदान केंद्र में प्रवेश करने से रोकने का प्रयास वहां मौजूद भाजपा के महिला एवं पुरुष कार्यकर्ताओं ने किया था। इसी विवाद की घटना का वीडियो सोशल मीडिया में वायरल भी हुआ है। जिसे देखकर यह पता लगाया जा सकता है कि इस घटना में दोषी केवल कांग्रेस के लोग नहीं है अपितु भाजपा के लोग भी है। पुलिस इसे राजनीतिक विवाद मानते हुए बारीकी से पड़ताल करें। उसके बाद कार्यवाही करें एक पक्षीय कार्यवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल डोंगरगांव से अर्पित का सैनिक स्कूल में चयन



**डोंगरगांव (नांदगांव टाइम्स)।** स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल डोंगरगांव के कक्षा पांचवी के छात्र अर्पित सिंह गहरवार, पिता श्री अभिषेक गहरवार ने सैनिक स्कूल प्रवेश परीक्षा में सफल होकर विद्यालय का परचम लहराया है । विद्यालय के प्राचार्य एवं सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी डोंगरगांव जयंत साहू ने बताया कि सैनिक स्कूल चयन परीक्षा 28 जनवरी 2024 को संपन्न हुई थी जिसमे अर्पित गहरवार का चयन सैनिक स्कूल चंद्रपुर, महाराष्ट्र के लिए हुआ है । छात्र के इस सफलता के लिए प्राचार्य सहित सभी शिक्षकों ने उसके उज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी ।

# असीम, अनादि, अनन्त हैं सच्चिदानन्द स्वरूप सर्वेश्वर - पुरी शंकराचार्य

अरविन्द तिवारी की रिपोर्ट

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** के सार्वभौम धर्मगुरु एवं हिन्दू राष्ट्र प्रणेता पूज्यपाद पुरी शंकराचार्य स्वामी श्रीनिश्चलानन्द सरस्वतीजी महाभाग गुरुवंदना की चर्चा करते हुये उद्धृत करते हैं कि शुद्ध स्फटिक मणि के सदृश श्वेत, शुद्ध ब्रह्मविद्या के प्रदाता, शुद्ध - पूर्ण - चिदानन्द स्वरूप सदाशिव का मैं आश्रय ग्रहण करता हूँ। श्रीमन्नारायण, ब्रह्मा, वसिष्ठ, शक्ति, उनके पुत्र पराशर,श्र व्यास, महामहिम गौड़पाद, योगीन्द्र गोविन्द, उनके शिष्य शंकराचार्य एवम् उनके शिष्य पद्मपाद, हस्तामलक, तोटक तथा वार्तिककार सुरेश्वर तद्वत् इनकी परम्परा में अन्य हमारे गुरुओं को मैं सतत नमस्कार करता हूँ। जो असीम, अनादि, अनन्त हैं ; जिनके नाम का उच्चारण भवरोग की महा औषधि है ; जो भक्तों के सकल अभिमत फल को देने वाले हैं ; उन श्रीसम्पन्न विष्णु का मैं आश्रय ग्रहण करता हूँ। योगियों का हृदय कमल जिनका निवास स्थल है ; जो प्रणत प्राणियों के हित में निरत रहते हैं और श्रुतियों के अभिव्यञ्जक संस्थान हैं ; ऐसे आप हिरण्य गर्भात्मक चतुर्मुख सूत्रात्मा ब्रह्मा का मैं आश्रय ग्रहण करता हूँ। अत्यन्त प्रसमाहित अर्थात् निरतिशय निर्विकल्प समाधि में सन्निहित अमोघ प्रभाव से समुच्छलित परमानन्द को वश में करने वाले गुरु वशिष्ठ का मैं आश्रय ग्रहण करता हूँ। सीपी में चाँदी के सदृश स्फुरित जो अनात्म - प्रपञ्च मुझमें अनादि काल से



कल्पित है ; वह ब्रह्मात्म बोधरूपा शक्ति के द्वारा जिनके द्वारा पूर्णरूप से निरस्त कर दिया गया ; उन शक्ति - संज्ञक गुरु का मैं आश्रय ग्रहण करता हूँ। कर्मेन्द्रिय, ज्ञानेन्द्रिय तथा मन - बुद्धि - चित्त - अहंकार संज्ञक करण ग्राम से जो अतीत चित् स्वरूप परिपूर्ण एवम् माया सहित मायिक प्रपत्र और उसमें रचे - पचे स्थावर - जङ्गम प्राणियों के परमाश्रय हैं ; परमानन्द में निमग्न उन पराशर - संज्ञक गुरु का मैं आश्रय ग्रहण करता हूँ। अनात्म वस्तुओं से अतीत आत्म अनुरूप आत्म स्थिति सम्पन्न सत्य प्रतिज्ञ, परमाश्रय, शान्त, जितेन्द्रिय, क्रोध रहित वेदव्यास को उनके पैल, वैशम्पायन, जैमिनि, सुमन्तु, लोम हर्षण नामक शिष्यों के सहित मैं प्रणाम करता हूँ। त्रिकाल अतीत , चिन्मात्र, प्रशान्त, संयत अन्तः करण सम्पन्न, काम आदि -- विकार आदि से रहित शुक - संज्ञक गुरु का मैं आश्रय ग्रहण करता हूँ। जिनके वाक्यों से लज्जित होकर गूढ़ा माया विलय को प्राप्त हुई, जो अपरा विद्या सहित परा विद्या से क्रीडा करते हैं ; उन गौड़पाद - नामक गुरु का मैं आश्रय ग्रहण करता हूँ। जो जीव तथा ईश्वर के भेद से रहित हैं ; भव सिन्धु के केंवट हैं, भाव तथा अभाव से सुदूर परम भाव रूप निरपेक्ष तत्त्व हैं ; उन गोविन्द - नामक गुरु का मैं आश्रय ग्रहण करता हूँ। जिन्हें एकमात्र वक्ता के रूपमें प्राप्त कर वेदवाणी रूपा नित्या सरस्वती कर्म - उपासना - ज्ञानकाण्ड गत तात्पर्य को समग्र रूप से ख्यापित कर सकी ; दुस्तर्क रूप कलंक पंकको निरस्त कर वेदों के वास्तव तात्पर्य के अभिव्यञ्जक , संरक्षक तथा सम्वर्द्धक उन मुनीन्द्र वृन्द समर्चित आचार्य शंकर को प्रणाम करता हूँ।

प्रकाशक, सम्पादक व मुद्रक अशोक कुमार पाण्डे द्वारा आसमा पब्लिसर्श इंडिया (प्रा.) लिमिटेड रायपुर से मुद्रित व गंजचौक राजनांदगांव से प्रकाशित, सम्पादक- अशोक कुमार पाण्डे, प्रबंध सम्पादक- श्रीमती कल्पना पाण्डे । मोः 94252-43311 Email: nandgaontimes@gmail.com